राज्यपाल सचिवालय
राजभवन जयपुर

राज्यपाल ने विंटेज कार प्रदर्शनी का उद्घाटन किया

जयपुर, 22 फरवरी। राज्यपाल श्री कलराज मिश्र ने शनिवार को यहां जयमहल पैलेस में 22वीं विंटेज और क्लासिक कार प्रदर्शनी का उद्घाटन किया। राज्यपाल श्री मिश्र ने सन् 1929 की राल्स रॉयस कार में बैठकर प्रदर्शनी में शामिल विंटेज और क्लासिक कारों का अवलोकन किया।

राज्यपाल श्री मिश्र ने प्रदर्शनी में शामिल विटेंज कारों के रखरखा की सराहना करते हुए कहा कि कार की तकनीक में आज तक हुए परिवर्तन और क्रमिक विकास की यात्रा को लोगों तक पहुंचाने का यह सार्थक प्रयास है। राज्यपाल श्री मिश्र ने कहा कि पर्यटन विभाग की ओर से आयोजित इस दो दिवसीय प्रदर्शनी में देश के विभिन्न हिस्सों से लाई गई लगभग 100 से अधिक विंटेज कारों को लोगों को देखने का मौका मिलेगा।

डॉ. लोकेश चन्द्र शर्मा
सहायक निदेशक, (जस.) राज्यपाल